# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ — 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, 9151024463
Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या– 5369/26 दिनांक 15/07/26

सेवा में,

**प्रधानाचार्य / निदेशक / प्रबन्धक,**
समस्त सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान (शासकीय / निजी क्षेत्र),
उत्तर प्रदेश।

**विषय–सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2026–27 में प्रवेश के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–5300 / 26 दिनांक 14.07.2026 के क्रम में सूचित करना है कि उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी से सम्बद्धता प्राप्त सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) प्रशिक्षण केन्द्रों को शैक्षणिक सत्र 2026–27 में राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (NCAHP), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित निम्नवत् 05 डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश एवं पठन–पाठन राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (NCAHP), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मानकों एवं अर्हता, सीटों की संख्या एवं करिकुलम के अनुरूप ही किया जायेगा :–

**Diploma Nomenclature for Allied and Healthcare Programmes for Academic Year 2026-27**

| S.No. | Diploma Nomenclature | Min. Seats | Max. Seats | Program Duration | Admission Eligibilty Criteria |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Diploma of Anaesthesia and Operation Theatre Technology (*D.AOTT*) | 10 | 30 | 02 Years 06 months | Candidate must have passed Senior Secondary (10+2) or equivalent with Physics, Chemistry & Biology/ Mathematics subjects. |
| 2 | Diploma of Radiotherapy Technology (*D.RT*) | 10 | 30 | 02 Years 06 months | Candidate must have passed Senior Secondary (10+2) or equivalent with Physics, Chemistry & Biology subjects. |
| 3 | Diploma of Dialysis Technology (*D.DT*) | 5 | 10 | 02 Years 06 months | Candidate must have passed Senior Secondary (10+2) or equivalent with Physics, Chemistry & Biology subjects. |
| 4 | Diploma of Health Information Management (*D.HIM*) | 10 | 30 | 02 Years 06 months | Candidate must have passed Senior Secondary (10+2) or equivalent with Science or Commerce or Arts and English as mandatory subject. |
| 5 | Diploma in Medical Laboratory Technology (D.MLT) | 30 | 60 | 02 Years | Candidate must have passed Senior Secondary (10+2) or equivalent with Physics, Chemistry & Biology subjects. |

उपरोक्त डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त अन्य किसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश मान्य नहीं होगा। यदि किसी संस्थान द्वारा राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग (NCAHP), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त किसी अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम में अभ्यर्थियों का प्रवेश लिया जाता है तो उन अभ्यर्थियों का इनरोलमेन्ट एवं परीक्षा की प्रक्रिया उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा सम्पन्न नहीं करायी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं संस्थान का होगा तथा उक्त संस्थान के विरूद्ध नियमानुसार यथोचित कार्यवाही की जायेगी।

**आवश्यक लिंकः–**

- https://ncahp.abdm.gov.in/Curriculum
- https://ncahp.abdm.gov.in/Resources/ImpLetters/Intakecapacity15May2026.pdf
- https://ncahp.abdm.gov.in/Resources/ImpLetters/IntakecapacityDHIM08June2026.pdf
- https://ncahp.abdm.gov.in/Curriculum/DMLTCurriculum.pdf

भवदीय,

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)**
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

पत्र संख्या – दिनांक –

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0, लखनऊ।
2. अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख परिषद, लखनऊ।

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)**
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।